## इकाई 1


# 2. कौन क्या काम करता है?
## (Who does - What Work?)



यह कमला का घर है। कमला के घर में उसके माता-पिता, दादा-दादी तथा भाई रहते हैं। वे क्या कर रहे हैं, ध्यान दो।



कमला के पिताजी घर के कामों में माँ की सहायता करते हैं। अपने पिता के कामों में कमला सहायता करती है। कमला के दादा-दादी भी घर के कामों में एक-दूसरे की सहायता करते हैं। इस तरह घर में सब लोग एक दूसरे की सहायता करते हुए काम करते हैं।



परिवार में बड़े लोग घर के कामों के साथ–साथ बाहर के काम भी करते हैं। खेतों, फैकट्रियों, घर बनाने, सड़क बिछाने, कार्यालयों में तरह–तरह काम करते हैं। घर के बड़े लोगों द्वारा किये जाने वाले विविध कार्यों से



आमदनी होती है। तुम्हारे घर के लोग क्या–क्या काम करते हैं, बताओ। नीचे दी गयी तालिका में लिखो।

| परिवार के सदस्यों के नाम | घर में किये जाने वाले काम | आय के लिए बाहर किये जाने वाले काम |
|---|---|---|
| | | |



## एक–दूसरे की सहायता करना

घर के सदस्य तरह–तरह के कार्य करते हैं। घर के बड़े लोग अलग–अलग कार्य करते हैं। कुछ काम घर के सभी लोग मिलकर करते हैं।

**चित्र देखो। कौन क्या कर रहा है। बताओ।**





- माता–पिता को विभिन्न काम करते हुए चित्र में देखा है ना! पिताजी का पकवान करना तुम सही मानते हो? कैसे?
- तुम्हारे परिवार में भी इसी तरह एक–दूसरे की सहायता करते हैं?
- तुम कौन–कौन से काम करते हो? किनकी सहायता करते हो?
- तुम्हारे घर में सब मिलकर करने वाले काम कौन से हैं

SCERT TELANGANA







## चर्चा करो। विवरण तालिका में लिखो।

तुम्हारी कक्षा में से किन्हीं छह छात्रों से पूछो। उनके माता–पिता क्या काम करते हैं? घर के सभी लोग मिलकर करने वाले काम कौन से हैं? नीचे दी गयी तालिका में लिखो।

| मित्र का नाम | माँ द्वारा करने वाले काम | पिता द्वारा करने वाले काम | घर के सभी लोग मिलकर करने वाले काम |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |
| 4. | | | |
| 5. | | | |
| 6. | | | |

✍ अधिकतर माताएँ क्या काम करती हैं?

..........................................................................................

..........................................................................................

✍ अधिकतर पिता क्या काम करते हैं?

..........................................................................................

..........................................................................................

✍ परिवार में सभी लोग मिलकर करने वाले काम क्या हैं?

..........................................................................................

..........................................................................................


परिवार के सभी सदस्य एक–दूसरे मिलजुलकर काम करना चाहिए। इस तरह एक–दूसरे की सहायता करने से एक–दूसरे के प्रति प्रेम, गौरव बढ़ता है।



## व्यवसाय (पेशा)

परिवार में माता–पिता सभी तरह–तरह के काम करने के कारण हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। हमारे परिवार की तरह गाँव में भी तरह–तरह के व्यवसाय करने वाले लोग रहते हैं। उनके बारे में तुम्हें पता है?

SCERT TELANGANA



गाँव में अलग–अलग तरह के काम करने वाले लोगों के चित्र नीचे दिये गये हैं। उनके द्‌वारा हमें क्या लाभ हैं, बताओ।



इनका नाम सम्मक्का है। टोकरी बनाते हैं।



इनका नाम वेंकन्ना है। चप्पल बनाते हैं।



इनका नाम कोमरय्या है। नाई का काम करते हैं



इनका नाम शंकरय्या है। बढ़ई का काम करते हैं।

- क्या तुम्हारे गाँव में भी ये काम करने वाले लोग है?
- तुम्हारे गाँव में और कौनसे काम करने वाले लोग रहते हैं?



चर्चा करो



तुम्हारे गाँव में तरह–तरह के काम करने वाले लोग होंगे ही! राजय्या सड़क झाड़ने, नाले साफ करने जैसे काम करता है। राजय्या की तरह गाँव में तरह–तरह के काम करने वाले और कौन–कौन रहते हैं? यदि वे काम न करें तो क्या होगा?

SCERT TELANGANA





गाँव में अनेक तरह के काम करने वाले लोग रहते हैं। सभी काम मुख्य होता हैं। आय के लिए कुशलता के साथ किये जाने वाले कामों को 'व्यवसाय' कहते हैं। गाँव के विकास के लिए सभी व्यवसाय करने वालों की आवश्यकता होती है। इसीलिए सभी व्यवसायियों का सम्मान करना चाहिए।



## काम करने वाले बच्चे (बाल मजदूरी)



यह कमला है। कमला को पाठशाला जाना बहुत पसंद है। घर के पास बहन को गोद में लेकर खिलाती है। कमला के पिता खेत में और माँ मजदूरी करने जाती हैं। कमला घर का सारा काम करते हुए दिनभर घर पर पड़ी रहती है। थोड़ा भी समय मिलने पर अपनी किताबें निकालकर पढ़ लेती है। पाठशाला जाते बच्चों को देखकर कमला को पाठशाला जाने का मन करता है।

बच्चे पाठशाला न जाकर काम पर जाने से क्या हानि होती है?
पाठशाला न जाने वाले बच्चे दिखायी देने पर हमें क्या करना चाहिए?

माता-पिता बच्चों को पाठशाला में भर्ती करवाएँ। पढ़ना सभी बच्चों का अधिकार है। इसीलिए सभी बच्चों को प्रतिदिन पाठशाला जाना चाहिए।


### मुख्य शब्द

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | घर के काम | 2. | बाहर के काम | 3. | एक दूसरे की सहायता |
| 4. | एक साथ काम करना | 5. | आय | 6. | व्यवसाय |
| 7. | आवश्यकता | 8. | बच्चे सभी पाठशाला जाएँ | 9. | बाल मजदूरी |

### हमने क्या सीखा ?

- घर के सभी लोग घर  में और बाहर तरह-तरह के काम करते हैं।
- परिवार के सभी सदस्य मिलजुलकर काम करना चाहिए।
- बड़े लोग तरह-तरह के काम करते हैं। इसीलिए परिवार को आय प्राप्त होती है।
- घर के कामों में छोटों को बड़ों की सहायता करनी चाहिए।
- सभी व्यवसायों का आदर करना चाहिए।
- गाँव में तरह-तरह के व्यवसायी रहते हैं।
- बचों की सही जगह पाठशाला है न कि कार्यस्थल सभी बचों को पाठशाला जाना चाहिए।

SCERT TELANGANA



## इन्हें करो



### विषय की समझ

1. घर के बड़े लोग काम क्यों करते हैं?
2. घर के सभी लोग मिलकर करने वाले किन्हीं दो कामों के उदाहरण बताओ।
3. निम्न में आय प्राप्त होने वाले कार्यों पर '◯' लगाओ।

| | | |
|---|---|---|
| पकाना | टोकरी बनाना | झाड़ू लगाना |
| मटके बनाना | कपड़े धोना | पढ़ाना |
| बर्तन माँजना | फल बेचना | खेती करना |
| खेलना | पढ़ना | कपड़े सीना |
| नहाना | भोजन करना | दूध बेचना |

4. तुम्हारे गाँव में कौन-कौन से काम करने वाले लोग रहते है? किस कारण से वे जाने जाते है?
5. नीचे दिये चित्र देखो? ये कौन-कौन से काम कर रहे हैं? इनके न होने पर क्या होगा?








### चित्र उतारो। रंग भरो।


1. नीचे दिये चित्र उतारो। रंग भरो। उनके बारे में लिखो।



SCERT TELANGANA












## समाचार कौशल–परियोजना कार्य

1. तरह–तरह के काम करने वालों की जानकारी इकट्ठा करो। उनके बारे में बातचीत करो। चित्र इकट्ठा कर अलबम बनाओ। कक्षा कक्ष में प्रदर्शित करो।
2. तुम्हारे अड़ोस में जो बच्चे पाठशाला नहीं जाते हैं, उनके नाम बताओ, वे पाठशाला क्यों नहीं जा रहे हैं बताओ।
3. अपने मित्रों से पूछकर पता लगाओ कि उनके माता–पिता क्या काम कर रहे हैं? तालिका में लिखो।

| क्र. सं. | मित्र का नाम | पिता का व्यवसाय | माता का व्यवसाय |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |
| 4. | | | |
| 5. | | | |
| 6. | | | |
| 7. | | | |
| 8. | | | |

SCERT TELANGANA





तेलंगाणा सरकार द्वारा निशुल्क वितरण 2020-21

3. तुम्हारे घर में निम्न काम कौन–कौन मिलकर करते हैं उन पर '√' लगाओ।

| काम | माँ | पिता | मैं | भाई/भय्या | दीदी/बहन | दादा | दादी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घर साफ करना | | | | | | | |
| खाना पकाना | | | | | | | |
| पानी लाना | | | | | | | |
| कपड़े धोना | | | | | | | |
| खेती के काम | | | | | | | |
| सब्जी लाना | | | | | | | |
| दूकान से सामान लाना | | | | | | | |



प्रशंसा

1. तुम्हारे गाँव में तरह–तरह के व्यवसाय करने वाले रहते हैं। उनका आदर करना चाहिए। अगर वे व्यवसाय न करें तो क्या होगा, बताओ? लिखो।



प्रश्न करना

1. शिवय्या अपने गाँव के बढ़ई शंकरय्या और कुम्हार लिंगय्या के पास गया। उनके द्वारा किये जाने वाले व्यवसायों के बारे में कई प्रश्न पूछे। शिवय्या ने शंकरय्या और लिंगय्या से क्या–क्या प्रश्न पूछे सोचकर बताओ।



## क्या मैं ये कर सकता हूँ?



1. परिवार के सदस्यों साथ काम करने की आवश्यकता बता सकता हूँ। हाँ / नहीं
2. परिवार में मिलकर करने वाले कामों, व्यक्तिगत तौर पर करने वाले कामों की तालिका बनाकर समझा सकता हूँ। हाँ / नहीं
3. मेरे मित्रों के माता–पिता क्या काम करते हैं, उनकी सूची बना सकता हूँ। हाँ / नहीं
4. यदि मैं किसि बाल मजदूर से मिलूंगा तो उन्हें पाठशाला जाने के लिए कह सकता हूँ। हाँ / नहीं
5. कुछ औजार/वस्तुओं के चित्र उतार सकता हूँ। हाँ / नहीं
6. तरह–तरह के व्यवसाय करने वालों से मिलकर उनके काम के बारे में प्रश्न पूछ सकता हूँ। हाँ / नहीं

SCERT TELANGANA



